ISO 9001:2008,14001:2004

# बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लि०

## Bihar Urban Infrastructure Development Corporation Ltd.

पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड/ West Boring Canal Road, पटना/ Patna - 800 001, दूरभाष/ Phone :- 0612 -2558412,
ईमेल / E-mail : *mdbuidco@gmail.com*, *website: http://buidco.in*

## कार्यालय आदेश

संख्या -BUIDCO-....37........ दिनांकः- 11/4/23

1/स्था0मौ0-1-102/2020

मॉनसून–2023 की अवधि में पटना शहर एवं आस–पास के नगरीय क्षेत्रों में से समुचित जल निकासी हेतु की जा रही सभी प्रकार की तैयारियों के लिए पूर्व निर्धारित समय–सीमा 31 मई, 2023 तक अंतिम रूप से किया जाना है। इस क्रम में सभी उप परियोजना निदेशक / सहायक अभियंता (यांत्रिक) को निदेशित किया जाता है कि वे अपने–अपने कार्य क्षेत्र के सभी ड्रेनेज पंपिंग स्टेशन (डी.पी.एस.) एवं अस्थाई ड्रेनेज पंपिंग स्टेशन से संबंधित कार्यों को दिनांक–31.05.2023 तक सम्पन्न करते हुए इस आशय का सुस्पष्ट प्रमाण–पत्र अद्योहस्ताक्षरी को परियोजना निदेशक / कार्यपालक अभियंता (यांत्रिक) के माध्यम से समर्पित करेगें, जो निम्न प्रकार से हैः–

1. सभी ड्रेनेज पंपिंग स्टेशन के इनलेट एवं पंपिंग क्षमता के अनुरूप इस के आउटफॉल नाला की उपलब्धता एवं इसके सफाई की उनके द्वारा जाँच कर ली गई है तथा वे इससे पूर्णतः संतुष्ट है।

2. सभी ड्रेनेज पंपिंग स्टेशनों में अधिष्ठापित सभी प्रकार के पंप एवं मशीनों का गहन अनुरक्षण एवं मरम्मति तथा सम्प एवं ग्रेटिंग की सफाई कार्य से संबंधित सभी विवरणी को संबंधित रजिस्टर में स्पष्ट प्रवृष्टि की गई है, जिसका उनके द्वारा पंजी पर सत्यापन भी कर लिया गया है और इन सभी कार्यो की वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी कराते हुए इसकी सी.डी. कार्य प्रमण्डल कार्यालय में अभिलेख के रूप में समर्पित कर दिया गया है।

3. सभी ड्रेनेज पंपिंग स्टेशन के सम्प की एकरारनामा के शर्तो के आलोक में पूर्णतः सफाई करा ली गई है तथा वे इस कार्य से पूर्णतः संतुष्ट हैं।

4. सभी ड्रेनेज पंपिंग स्टेशन में प्रावधानित नये पंप (VT, Submersible एवं CF), DG Set, Transformer एवं अन्य उपकरणों का एकरारनामा के शर्तो के अनुरूप अनुरक्षण एवं मरम्मति कार्य पूर्ण करते हुए इसकी Commissioning एवं Testing कर लिया गया है, जो सफल रहा है एवं इससे वे पूर्णतः संतुष्ट है। साथ ही इन सभी नये मशीनों की स्थाई परिसम्पत्ती पंजी में प्रविष्टि करते हुए इसका सत्यापन कर लिया गया है।

5. सभी अस्थाई ड्रेनेज पंपिंग स्टेशनों पर प्रावधानित क्षमता के ट्रॉली मॉउन्टेड पंप (विद्युत एवं डीजल चालित) का अधिष्ठापन कर विद्युत संयोजन करते हुए इन पम्पों का सफल परिचालन हेतु जाँच कर लिया गया है। इस क्रम में प्रावधानित क्षमता के अनुरूप ट्रान्सफर्मर एवं अन्य आवश्यक विद्युत उपकरणों का भी अधिष्ठापन कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

6. सभी अस्थाई ड्रेनेज पंपिंग स्टेशन के इनलेट एवं पंपिंग क्षमता के अनुरूप इसके आउट फॉल नाला की उपलब्धता एवं इसकी सफाई की उनके द्वारा जाँचकर ली गई है तथा वे इससे पूर्णतः संतुष्ट है।

इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दें। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा शिथिलता पाई जाने पर उक्त उप परियोजना निदेशक/सहायक अभियंता (यांत्रिक) के विरूद्ध सख्त कार्रवाई हेतु नगर विकास एवं आवास विभाग को अनुशंसित कर दिया जाएगा।

ह०/–
**प्रबंध निदेशक,**
बुडको, पटना।

**ज्ञापांक** :– **दिनांक** :–
**प्रतिलिपि** :–सभी उप परियोजना निदेशक/सहायक अभियंता (यांत्रिक) को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

ह०/–
**प्रबंध निदेशक,**
बुडको, पटना।

**ज्ञापांक** :– 1754 **दिनांक** :– 11/4/23
**प्रतिलिपिः**–परियोजना निदेशक/कार्यपालक अभियंता (यांत्रिक) कार्य प्रमण्डल, बुडको, पटना को सूचनार्थ एवं अग्रेतर कार्रवाई हेतु निदेशित किया जाता है कि सभी प्राप्त प्रतिवेदन को समेकित कर इसकी समीक्षा करेगें तथा किसी भी बिन्दु पर कार्य पूर्ण नहीं होने की स्थिति में संबंधित उप परियोजना निदेशक/सहायक अभियंता पर सख्त कार्रवाई की अनुशंसा करेगें।

**प्रबंध निदेशक,**
बुडको, पटना।



Mailed